TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्ज्वल**

Thursday

## 25 अप्रैल

1. **विश्व मलेरिया दिवस–** विश्व मलेरिया दिवस प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस की स्थापना मई 2007 में 60वें विश्व स्वास्थ्य सभा के सत्र के दौरान की गई। मादा एनोफिलीज मच्छरों के कारण फैलने वाली मलेरिया नामक बीमारी से विष्व में हर साल लाखों लोग जान गवां देते हैं। यह 'प्रोटोजुअन प्लाज्मोडियम' नामक परजीवी कीटाणु से होता है। मलेरिया परजीवी विशेष रूप से लाल रक्त कणिकाओं को प्रभावित करता है जिससे शरीर में रक्त की कमी हो जाती है और मरीज कमजोर होता जाता है। यदि शुरूआत में ही ध्यान न दिया जाए तो इससे लीवर भी प्रभावित हो सकता है और रोगी पीलिया जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकता है। बच्चों के साथ मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय आदि पर चर्चा करें।
   - **संदर्भः पर्यावरण और हम, भाग 3, अध्याय 8, रॉस की जंग मलेरिया के संग** तथा **विज्ञान भाग 3, अध्याय 7,** पृष्ठ 94 के संदर्भ में चर्चा करें।
2. **विश्व पेंगुइन दिवस–** विश्व पेंगुइन दिवस 25 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत 1972 में कैलिफोर्निया से हुई थी।
3. **डीएनए की खोज–** 1953 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिकों जेम्स डी वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक ने डीएनए की संरचना का व्याख्या किया। इन दोनों वैज्ञानिकों को इस खोज के लिए 1962 में नोबेल पुरस्कार मिला।



मधु प्रिया

# विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल



विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन इस बात के लिए भी पहचाना जाता है कि मलेरिया के नियंत्रण हेतु किस प्रकार के वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। मच्छरों के कारण फैलने वाली इस बीमारी में हर साल कई लाख लोग जान गवाँ देते हैं। 'प्रोटोजुअन प्लाज्मोडियम' नामक कीटाणु मादा एनोफिलीज मच्छर के माध्यम से फैलते है। पूरे विश्व की 3.3 अरब जनसंख्या में लगभग 106 से देश हैं जिनमें मलेरिया का खतरा है वर्ष 2012 में मलेरिया के कारण लगभग 6,27,000 मृत्यु हुई जिनमें से अधिकतर अफ्रीकी, एशियाई, लैटिन अमेरिकी बच्चे शामिल है। इसका प्रभाव कुछ हद तक मध्य पूर्व तथा कुछ यूरोप के भागों में भी हुआ। विश्व मलेरिया दिवस उन 8 आधिकारिक वैश्विक सामुदायिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक हैं जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चिन्हित किया गया है,इनमें से विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व तपेदिक दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व हेपेटाइटिस दिवस एवं विश्व एड्स दिवस हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक थीम जारी की गयी है। वर्ष 2023 के लिए भी विश्व मलेरिया दिवस की एक अलग थीम तय की गई है। इस साल विश्व मलेरिया दिवस की थीम रखी गई है 'Ready To Combat Malaria' यानी मलेरिया से लड़ने के लिए तैयार, इस थीम के पीछे का मकसद लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है।

# जयंती विशेष 25 अप्रैल

राकेश कुमार



**उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, उदार हृदय व दूरदर्शी राजनेता, हिमालय पुत्र के नाम से प्रसिद्ध**

## हेमवती नंदन बहुगुणा जी

**की जयंती पर उन्हें सादर नमन।**

25 अप्रैल 1919

**हेमवती नंदन बहुगुणा** *Hemvati Nandan Bahuguna*, जन्म- 25 अप्रैल, 1919; मृत्यु- 17 मार्च, 1989) उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले जानेमाने राजनीतिज्ञ और राजनेता थे। वेसन्1971, 1977 तथा 1980 में लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।सन्1977 में वे केंद्रीय मंत्रिमण्डल में पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री रहे थे। जानीमानी राजनीतिज्ञ रीता बहुगुणा हेमवती नंदन जी की पुत्री हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.04.2024

## कला और संस्कृति

कला और संस्कृति दोनों एक मजबूत समुदाय की स्थान की भावना को संरक्षित करने या मजबूत करने, व्यक्तिगत पहचान बनाने और अपनी रचनात्मकता दिखाने के दो अद्भुत तरीके हैं। कला और संस्कृति सीखने, मनोरंजन, अवकाश, व्यक्तिगत विकास और दूसरों के साथ संचार में सुधार के कई अवसरों का दावा करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत के **वीर छत्रपति शिवाजी महाराज** को **'Father Of Indian Navy'** भी कहा जाता है। **1674** में शिवाजी महाराज ने 'नेवी फोर्स' की स्थापना की थी ताकि अरब, **पोर्तुगाली**, ब्रिटिश और **समुद्री लुटेरों** से कोंकण और गोवा के **समुद्री इलाको** की रक्षा की जा सके। उस समय **शिवाजी महाराज** के पास 800 जहाज़ थे।

# IPL 2024



## IPL रन चेज में सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर

| बैटर | रन | टीम | बनाम | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|---|
| मार्कस स्टोयनिस | 124* | LSG | CSK | चेन्नई | 2024 |
| पॉल वॉलथेटी | 120* | PBKS | CSK | मोहाली | 2011 |
| विरेंद्र सहवाग | 119 | DC | डेक्कन चार्जर्स | हैदराबाद | 2011 |
| संजू सैमसन | 119 | RR | PBKS | मुंबई | 2021 |
| शेन वॉटसन | 117* | CSK | SRH | मुंबई | 2018 |

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 370

एक अर्द्धवृत और एक वृत्त के परिमाप का अनुपात कितना होता हैं ?

A. 2+r : 2r

B. 1 : 2

C. 2+r : r

D. 2 : 1





सही उत्तर: A

25 अप्रैल



# विश्व मलेरिया दिवस



विश्व मलेरिया दिवस मनाने का उद्देश्य मलेरिया को नियंत्रित करने के विश्वव्यापी प्रयासों को मान्यता देना है।

मधु प्रिया


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
केंद्रीय मंत्रिमण्डल में
पेट्रोलियम, रसायन तथा
उर्वरक मंत्री रहने वाले
हेमवती नंदन बहुगुणा
जी की पुण्यतिथि पर नमन।
जन्म- 25 अप्रैल 1919 - मृत्यु- 17 मार्च 1989
Madhu priya
/teachersofbihar

अदम्य साहसी
क्रांतिकारी वीरांगना

## उज्ज्वला मजूमदार जी

की पुण्यतिथि पर
कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 21 नवंबर 1914
मृत्यु- 25 अप्रैल 1992



मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

25 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

पैसों से हैसियत बढ़ सकती है

कलेजे का साइज नहीं।

**रतन टाटा**



राकेश कुमार